Bareilly, Sunday,
14 December 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 4 : BOTTOM

# दो दिवसीय एल्युमनी मीट का हुआ आयोजन



एलुमनी मीट में सपरिवार लिया हिस्सा काटा केक.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (13 Dec):** श्री राम मूर्ति स्मारक एलुमनी एसोसिएशन द्वारा श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट बरेली में बीटेक 1996-2000, बीफार्मा 2000-2004, पीजीडीएम / पीजीडीएचएम 1998-2000 बैच हेतु सिल्वर जुबली एलुमनी मीट का आयोजन 12 और 13 दिसम्बर को किया गया. सभी बैच के कुल 85 एलुमनी ने उक्त एलुमनी मीट में सपरिवार हिस्सा लिया. सभी बैच के एलुमनी ने इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव एसआरएमएस ट्रस्ट आदित्य मूर्ति एवं प्रो सुभाष मेहरा के साथ केक काटकर अपने बैच की सिल्वर जुबली मनाई. कार्यक्रम का शुभारंभ 12 दिसंबर को एसआरएमएस अलकनंदा में संगीत कार्यक्रम के साथ हुआ तथा इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति द्वारा एलुमनी एवं अतिथियों हेतु रात्रिभोज का आयोजन किया. एलुमनी एवं उनके साथ आये अतिथि गण के रुकने की व्यवस्था एसआरएमएस अलकनंदा में ही की गई.